Drought-Affected Areas

298. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the areas identified as drought affected/drought prone in different States;

(b) whether any specific region in the State of orissa has been declared as drought-affected;

(c) if so, the details thereof; and

(d) the steps taken to help the farmers?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI CHATURANAN MISHRA): (a) 947 Blocks in 149 districts of 13 States spread over 7.46 lakh square Kilometers have been identified as drought prone in the country under the Drought Prone Areas Programme.

(b) and (c) According to initial reports received from the Govt. of Orissa, 26701 villages in 26 districts have suffered crop loss of 50% and above. Relief measures have been undertaken in the affected areas.

(d) The State Government has mounted a massive Rabi Programme with a view to recoup the losses in Kharif. As part of the Programme the State Government proposes to provide agricultural input subsidy to the affected farmers.

''वनाच्छादित भूमि''

299. **श्री रामजीलाल:** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य-वार कितना भूमि क्षेत्र वनाच्छादित है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान काटे गये और नये लगाये गये वृक्षों की संख्या कितनी-कितनी है; और

(ग) सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण करने हेतु क्या-क्या कदम उठाये हैं और उनके परिणामों का ब्यौरा क्या है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद): (क) स्टेट आफ फोरस्ट रिपोर्ट, 1995 के अनुसार देश में 1995 के मूल्यांकन के अनुसार कुल वनावरण 6,39,600 वर्ग कि॰ मी॰ क्षेत्र अर्थात् देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 19.46 प्रतिशत है। वनावरण का राज्यवार ब्यौरा विवरण-1 में दिया गया है।

(ख) सरकारी वन भूमि तथा गैर सरकारी वन भूमि में कांटे गए वृक्षों के बारे में सूचना राज्य स्तर पर रखी जाती है। सरकारी वन भूमि सहित कुल 27.69 लाख हेक्टेयर सार्वजनिक भूमि में वनीकरण किया गया है और पिछले तीन वर्षों में सार्वजनिक भूमि के अलावा पौधरोपण के लिए कुल 34.576,11 लाख पौध वितरित की गई।

(ग) प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदम और इसके परिणाम विवरण-2 में दिए गए हैं।

विवरण-1

वनाच्छादित भूमिक्षेत्र का राज्य-वार ब्यौरा

राज्यवार वनावरण (वर्ग कि॰मी॰ में)

क्र॰सं॰	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	1995 का मूल्यांकन
1.	आन्ध्र प्रदेश	47.112
2.	अरूणाचल रदेश	68,621
3.	असम	24,061
4.	बिहार	26,561
5.	दिल्ली	26
6.	गोवा, दमन और द्वीव	1,250
7.	गुजरात	12,320
8.	हरियाणा	603
9.	हिमाचल प्रदेश	12,501
10.	जम्मू व कश्मीर	20,433
11.	कर्नाटक	32,382
12.	केरल	10,336
13.	मध्य प्रदेश	1,35,164
14.	महाराष्ट्र	43,843
15.	मणिपुर	17,558